महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री ने फसल क्षति का आंकलन करने कलेक्टरों को दिए निर्देश

» प्रभावित किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत दी जाएगी आर्थिक सहायता

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का आंकलन कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न स्थानों में बीते दिन बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों की क्षति की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा जिला कलेक्टरों को तत्काल प्रभावित इलाकों में इसका सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदा के कारण फसल की क्षति 33 प्रतिशत से अधिक होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में निहित प्रावधान के अनुसार प्रभावित किसानों को आर्थिक अनुदान सहायता देने के निर्देश दिए हैं। राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति की जानकारी निर्धारित परिपत्र में एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजा गया है। पत्र में बेमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति एवं अनुदान सहायता की जानकारी राजस्व विभाग के ईमेल आई डी या फैक्स नम्बर 2510823 भिजवाने कहा गया है।

मुख्यमंत्री की सुरक्षा में लापरवाही : पांच टीआई के साथ 10 पुलिस कर्मचारियों को नोटिस जारी

भिलाई (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पाटन आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले पांच टीआई सहित 10 पुलिस कर्मियों को नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक करने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को एसएसपी ने नोटिस जारी किया है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में लापरवाही बरतने के मामले में दुर्ग एसएसपी अजय यादव ने नोटिस जारी करते इन पुलिसकर्मियों से जवाब मांगा है। जिन पुलिसकर्मियो को नोटिस जारी किया गया है उनमें एक महिला थाना टीआई प्रभा राव, उतई थाना प्रभारी अवधराम साहू, बोरी थाना प्रभारी जेएल शांडिल्य, रानीतरई थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा, कुम्हारी थाना प्रभारी आशीष यादव सहित 10 पुलिसकर्मी शामिल है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को कुर्मी समाज के कार्यक्रम में शिरकत करने पाटन ब्लॉक के ग्राम मटंग पहुंचे थे। सीएम ड्यूटी और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखतें हुये बोरी, उतई, रानीतरई, कुम्हारी थाना, महिला थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में लगाया गया था।

एक्सप्रेस-वे का घटिया निर्माण : आधा दर्जन अफसर सस्पेंड

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के एक्सप्रेस-वे के घटिया निर्माण पर राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। लोक निर्माण मंत्री के निर्देश पर एक्सप्रेस-वे के निर्माण से जुड़े 6 अफसरों को सस्पेंड कर दिया गया है। सदन में एक सवाल के जवाब में मंत्री ताम्रध्वज साहू ने एक्सप्रेस वे के घटिया निर्माण के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार बताते हुए सभी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। जिन अफ सरों को सस्पेंड किया गया है, उनमें ईई, एसई, एसडीओ सहित कई अन्य सीनियर अफ सर शामिल हैं।

राज्य के 1347 अस्पतालों में अब राशनकार्ड से होगा ईलाज

» राज्य शासन ने दी मान्यता

रायपुर (आरएनएस)। राज्य की कांग्रेस सरकार ने राशन कार्ड से इलाज के लिए मान्यताप्राप्त अस्पतालों की सूची जारी कर दी है। सरकारी योजनाओं के लिए प्रदेश के चयनित 1347 अस्पतालों में आमजन अपना उपचार करा सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि राज्य के सभी 27 जिलों के लिए मान्यताप्राप्त अस्पतालों की सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार बालोद जिले के 32 अस्पतालों को इसमें शामिल किया गया है, यह सभी अस्पताल निजी क्षेत्र के हैं। इसी तरह बलौदाबाजार जिले के 30 निजी अस्पताल, बलरामपुर जिले के 35, बस्तर जिले के 18, बेमेतरा जिले के 27 निजी अस्पताल, बीजापुर में 11 अस्पताल, बिलासपुर जिले में 150 से अधिक निजी अस्पतालों को राशन कार्ड के माध्यम से उपचार करने के लिए अधिकृत किया गया है। इसी तरह दंतेवाड़ा में करीब 10, धमतरी में 57 से अधिक अस्पतालों के साथ ही सभी जिलों में दर्जन भर से अधिक अस्पतालों को इसके लिए अधिकृत किया गया है। इन अस्पतालों में शासन की योजनानुसार राशन कार्डधारकों का उपचार किया जाएगा।

दीक्षांत का मतलब विद्यार्थी ज्ञान से अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करें - उइके

» छत्तीसगढ़ के नवनिर्माण में विद्यार्थीगण अपनी भागीदारी निभाएं- बघेल

» छत्तीसगढ़ ने साहित्य, रंगमंच और लोककला के क्षेत्र में देश को दी अनेक विभूतियां- वाजपेयी

» देश एवं समाज के विकास में उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थानः श्री पटेल

» पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा कि सही अर्थ में दीक्षांत वह है जब विद्यार्थी अब तक प्राप्त ज्ञान के आधार पर अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करें और अपने अर्जित ज्ञान को मूर्त रूप देते हुए जीवन के संघर्षमय मार्ग में अग्रसर हो सके। जिन विद्यार्थियों ने उपाधि प्राप्त कर प्रतिज्ञा ली है वे संस्कारों को अपनाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। यह बात राज्यपाल सुश्री उइके ने आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत-समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने सभी उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों ने शोधार्थियों को उपाधि और प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की उच्च-शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों का यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि वे वर्तमान युवा पीढ़ी एवं भावी पीढ़ी के लिए उच्च स्तरीय शैक्षणिक माहौल तैयार करें ताकि उनके और मानव-जाति के विकास की राह प्रशस्त हो सके। साथ ही ऐसी शैक्षणिक प्रणाली विकसित करनी चाहिए जो इन युवाओं को अपने देश की संस्कृति, अनुशासन, संयम और अध्यात्म से प्रत्यक्ष जोड़ सके। उन्होंने कहा कि युवा-वर्ग से मेरी अपेक्षा है कि वह न सिर्फ आत्मनिर्भर बनते हुए पारिवारिक व सामाजिक दायित्वों को सहर्ष पालन करें बल्कि अपने नैतिक मूल्यों को भी अच्छी तरह समझें। ये मूल्य ही आगे राष्ट्र-मूल्य बनकर हमें देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन कराना सिखाते हैं।

सुश्री उइके ने कहा कि देश और समाज के सम्पूर्ण विकास के लिए वैज्ञानिक उन्नति तो आवश्यक है ही परंतु हमें अपनी जमीन को नहीं छोड़ना है, जहाँ से हम आगे बढ़े हैं। हमें इन मूल्यों का सदैव ध्यान में रखना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले शोधार्थी-विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि जो विद्यार्थी शोध करने के इच्छुक हैं, वे ऐसे विषयों का चयन करें, जिनका वर्तमान परिवेश में अधिक आवश्यकता है।

नशीले पदार्थ, जुआ-सट्टा के 7 आरोपी पकड़ाये

जगदलपुर (आरएनएस)। पुलिस के द्वारा नशीले पदार्थ, जुआ-सट्टा, शराब के विरूद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक अजाक चंद्रशेखर परमा के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा जगदलपुर शहर में सट्टा के कारोबार में सम्मिलित सटोरियों के विरुद्ध धरपकड़ की कार्रवाई के तहत थाना बोधघाट क्षेत्र अंतर्गत आरोपियों गौरव तिवारी पिता बसंत तिवारी निवासी राजीव गांधी वार्ड से जप्त रकम 12 हजार रूपए, युवराज दास पिता भगवान दास निवासी संजय गांधी वार्ड जब्ती की रकम 1650 रुपए, मानिकपुरी पिता डमरू मानिकपुरी निवासी सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड जब्ती रकम 1650 रुपए, विकास कोस्टा पिता एनएस गोष्ट निवासी हॉट कचौरा जब्ती रकम 18 सौ रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आरोपी दीनू गुप्ता पिता प्रसांत गुप्ता निवासी धरमपुरा एक नंबर जगदलपुर 1220 रुपए, घनश्याम नाथ पिता रामधन निवासी लालबाग शास्त्री नगर वार्ड जगदलपुर जब्ती 90 रूपए, राव से जब्ती 1410 रुपए थाना बोधघाट एवं कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कुल 07 प्रकरणों में सात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। भविष्य में भी अवैध नशीली पदार्थ, जुआ, सट्टा, शराब के कारोबारियों के सम्मिलित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जावेगी।

बुरगुम के ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पुलिस कैम्प के लिए दी जमीन

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के बुरगुम ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सर्व सम्मति से ग्राम सभा आयोजित कर ग्राम बुरगुम के पुजारीपाल तहसील कुआकोण्डा में पुलिस विभाग को पुलिस कैम्प खोलने के लिए जमीन देने का प्रस्ताव पारित किया है। ग्रामीणों ने नक्सलियों के दबाव के बावजूद सर्व सम्मति से नए पुलिस कैम्प के लिए सहमत हुए। नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्रामीणों ने नक्सलियों के दबाव के बावजूद जिस प्रकार शासन-प्रशासन द्वारा अंदरूनी इलाकों में कैंप खोले जाने के लिए अपनी सहमति दे रहे हैं, पुलिस और फोर्स पर ग्रामीणों का विश्वास बढ़ा है।

महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

भिलाई तीन (आरएनएस)। पदुमनगर भिलाई तीन में पंचमुखी हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भी आयोजन किया गया है। जल यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग ली। आज से मंडप प्रवेश, गणेश पूजन, अग्नि मंथन के साथ पाठ प्रारंभ हो चुका है। 27 फरवरी को पुष्पाधिवास, फलाधिवास, जलाधिवास के साथ मुर्ति नगर भ्रमण करेगी। 28 फरवरी को हनुमान प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहूति के साथ विशाल भण्डारें का आयोजन किया गया है। 29 फरवरी को हनुमान मंदिर से शोभायात्रा दोपहर 2 बजे से निकाली जावेगी।

पति से हुए विवाद के बाद पत्नी ने अपने दो बच्चो के साथ कुए में कूदकर की खुदकुशी

» रघुनाथनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरी की घटना

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरी में एक महिला अपने दो बच्चों के साथ कुएं में कूदकर खुदकुशी कर ली है। बताया जा रहा है कि पति से विवाद के बाद महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। हालांकि अभी भी खुदकुशी करने की मुख्य वजह सामने नहीं आई है. पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रही है। पड़ोसियों के अनुसार बीती रात करीब 11 बजे पति-पत्नी के बीच नोकझोंक होने के बाद महिला हेमलता जायसवाल (30 वर्ष) अपने दो बच्चे प्रीतम जायसवाल (7 वर्ष) और प्रियाशी जायसवाल (4 वर्ष) को लेकर घर से बाहर निकल गई. घर के पास स्थित कुएं में दोनों बच्चे समेत छलांग लगा दी. जब सुबह पड़ोसियों ने तीनों का शव कुएं में देखा, तो परिजनों को बताया और रघुनाथ नगर पुलिस को सूचना दी. लेकिन मृतकों के परिजन किसी भी जानकारी देने से बचते नजर आए और घर से फरार हो गए है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और तहसीलदार ने तीनों शव को कुएं से बाहर नहीं निकलवा लिया है. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

10 चक्का वाहन के चक्के निकालकर ले गये चोर

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के तोकापाल क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी की गई 10 चक्का वाहन क्रमांक सीजी 17 एचओ 940 के चक्के को जेक लगाकर चोरों ने वाहन के चक्के उड़ा लिए।

ट्रक सहित अन्य वाहनों के चक्कों की चोरी की घटनायें समय-समय पर सामने आते रहे हैं, लेकिन विगत कुछ महीनों से ट्रक सहित अन्य वाहनों के चक्कों की चोरी की घटनायें नहीं हो रही थी। लंबे समय के बाद पुनः तोकापाल में 10 चक्के वाहन के चक्के की चोरी की घटना सामने आई है। चोरों के द्वारा जेक लगाकर चक्के निकालकर ले जाने से पहले जेक के स्थान पर वाहन के चक्के के पास पत्थर टिकाकर जेक भी साथ ले गये।

अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। एक युवक को पुलिस ने अवैध शराब बेचने की सूचना पर ग्राम तिरैया में छापा मारकर 85 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार को ग्राम तिरैया धरसींवा में अवैध शराब की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर गिरफ्तार कर उसके पास से 85 पाव देशी शराब जब्त किया है।

गड्ढे में छिपाकर रखे गये नक्सली सामग्री बरामद

कोण्डागांव (आरएनएस)। जिले के मर्दापाल क्षेत्र के अदापाल के जंगल में नक्सलियों के द्वारा एक लोहे के संदुक में नक्सली वारदात को अंजाम देने के लिए नक्सली सामग्री छिपाकर रखा गया था। लेकिन जिला पुलिस बल एवं आईटीबीपी की संयुक्त पार्टी के द्वारा सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के द्वारा छिपाकर रखे गये सामग्री बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शाम जिला पुलिस बल एवं आईटीबीपी के संयुक्त पार्टी मर्दापाल थाना क्षेत्र के अदापाल के जंगल में सर्च के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये सामग्री के संबंध में पता चलने के बाद इलाके की घेराबंदी कर गड्ढे में दबाकर रखा गया सामान बरामद किया है। जिसमें टीफिन के डिब्बे, नक्सली साहित्य, मेडिकल कीट एवं टॉर्च शामिल है। प्राप्त सामग्री से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि नक्सलियों द्वारा किसी बड़े घटना को अंजाम देने की तैयारी थी। इस संबंध में कोंडागांव एसपी सुजीत कुमार ने बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। नक्सलियों की नापाक मंसूबों को नकाम किया गया है। नक्सली हमेशा हिंसा फैलाने का प्रयास करते रहते हैं, जिन्हें मुंह तोड़ जवाब दिया जायेगा।

देह व्यापार में लिप्त युवक-युवतियां सहित महिला दलाल गिरफ्तार

» मंगलवार की रात अपार्टमेंट में पुलिस ने मारा छापा, 7 गिरफ्तार

» महिला दलाल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ चुकी है पार्षद चुनाव

रायपुर (आरएनएस)। देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने महावीर नगर इलाके में एक अपार्टमेंट में छापा मारकर तीन युवतियां समेत कुल सात आरोपी को गिरफ्तार किया है। कमरे में छापा के दौरान युवक- युवती संदिग्ध अवस्था में मिले।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को राजेंद्र नगर क्षेत्र के महावीर नगर स्थित प्रेमपार्क सोसाइटी फ्लैट नंगर 101 में सीएसपी पुरानी बस्ती की टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर देह व्यापार में लिप्त 3 लड़की और 3 ग्राहकों के साथ महिला दलाल को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उक्त फ्लैट को कोरबा निवासी महिला दलाल सरस्वती मानिकपुरी ने किराये पर लेकर देह व्यापार का धंधा चला रही थी। मौके पर गिरफ्तार की गई 3 लड़कियां रायपुर, बिलासपुर व शहडोल मध्यप्रदेश की रहने वाली है।

वहीं ग्राहक अशोक दास, मोहम्मद रजा अंसारी और मोहम्मद तैयब को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद तैयब के पास से पुलिस ने जांच के दौरान एक नग चाकू बरामद किया है। महिला दलाल सरस्वती के बारे में बताया जा रहा है कि वह पार्षद चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कोरबा से चुनाव लड़ चुकी है व चुनाव हार गई थी। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने पीटा एक्ट की धारा 4, 5, 7 के तहत कानूनी कार्रवाई किया है। वहीं आर्म्स एक्ट 25 के तहत भी कार्रवाई की गई है।

थैला में रखे लाखों रुपये के सोना-चांदी के जेवर बस के सीट से पार, पुलिस जुटी जांच में

रायपुर (आरएनएस)। थैला में रखे 150 ग्राम सोने का जेवर व 15 किलो 5 सौ ग्राम चांदी का जेवर को बस के सीट पर रखकर पेशाब करने गये व्यक्ति का लाखों रुपये की सोने चांदी से भरी थैला चोरी हो गया। घटना की रिपोर्ट गंज थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुजारी पारा बीजापुर निवासी मनोज चंद्राकर 31 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 18 वर्षों से बीजापुर में मंजिसा ज्वेलर्स में नौकरी करता है। 25 फरवरी को पायल ज्वेलर्स नाहटा मार्केट से करीब 15.500 किलोग्राम चांदी के जेवर (बिछिया, पायल, अंगुठी, करधन, कडा आदि) कीमती 6,00000 रू. खरीदा तथा सत्यम ज्वेलर्स बुढापारा व सन एंड स न ज्वेलर्स स द र बाजार से करीब 150ग्राम सोने के जेवर (हार, चैन, लाकेट, बाली आदि) कीमती लगभग 5 लाख रूपये खरीदा। इसके अलावा कुछ सोने चांदी के जेवर जो मैं पालिस कराने लाया था उसमें पालिस करवाया। सभी जेवर मैं एक थैले में रखा था। रात करीब 8/30 बजे मैं आटो से खालसा स्कूल के पास आया। वहां मनीष ट्रेवर्ल्स की बस क्रं सीजी 07 ई 9007 जिसके वापसी क ा आनलाईन रिजर्वेशन गीदम से कराया था, के आने पर अपनी बर्थ में जेवर का थैला व अपना एक और थैला रखकर मैं पेशाब करने बस से उतरकर चला गया करीब 10 मिनट बाद वापस आया तो देखा जेवर वाला थैला बस में नही था। आसपास व बस में मौजूद सभी लोगों से जेवर के संबंध में पूछताछ करने पर कुछ पता नहीं चला। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

ज्योतिषी डॉ. महेंद्र ठाकुर केसर रत्न से सम्मानित

रायपुर (आरएनएस)। 29 वें एशियन एस्ट्रालाजिस्ट काफ्रेंस जमशेदपुर में रायपुर के ज्योतिषी सेवानिवृत्त अपर वाणिज्यकर आयुक्त एवं अध्यक्ष माता कौशिल्या ज्योतिष साहित्य संस्कृति शोधपीठ संस्थान छत्तीसगढ़ को ज्योतिष के क्षेत्र में एशिया के सर्वोच्च सम्मान केशर रत्न से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान उन्हें नासा के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. ओमप्रकाश पांडेय एवं एशिया के सेक्रेटरी जनरल प्रोफेसर एसके शास्त्री द्वारा प्रदान किया गया। उक्त जानकारी योगेश साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते बताया कि रिमेडिकल एस्ट्रालाजी के सत्र में मुख्य अतिथि दायित्व श्री ठाकुर को दिया गया। वे मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पहले ज्योतिषी है जिन्हें अखिल भारतीय ज्योतिष विद्वत परिषद के सर्वोच्च ज्योतिष मार्गदर्शक मंडल मानद सदस्यता मिली है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU